# आदेश पत्रक

आदेश पत्रक – ता० सुधा कुमारी बनाम इदरू गंझू वगै०

अंचल – बालूमाथ जिला– लातेहार    वाद संख्या– 05 /2021

वाद का प्रकार – विविध वाद

| आदेश की क्र०सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर गई कारवाइ बारे में टिप्प तारीख सहि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 20.4.21 | आवेदिका सुधा कुमारी पिता स्व० रामदेव गंझू ग्राम- केरी थाना- बालूमाथ के द्वारा आवेदन दिया गया है। कि मौजा- चिरुआ के 05 खाता सं० 31 प्लॉट सं० 91/6, 91/7 91/8, 5/13 11/9, 5/14, 91/10 कुल रकबा 16.71 एकड़ H.N. 207 में आदि भूमि 08.35½ एकड़ जो सुखदेव गंझू की [illegible] गंझू S/O अधिया गंझू के नाम 2013–14 तक रसीद निर्गत है। परन्तु हाल [illegible] ऑनलाइन में कलिया गंझू पिता मुकरा गंझू के नाम से प्रदर्शित है। न्याय हेतु आवेदन दिया गया है। उक्त आलोक में वाद की कार्यवाही आरंभ की जाती है। उभय पक्षों को नोटिस निर्गत करें। उभय पक्ष आवश्यक संबंधित दस्तावेजों के साथ अगली तिथि को उपस्थित रहेंगे। वाद की अगली तिथि 18.5.21 निर्धारित की जाती है।<br><br>ह०/- 20.4.21<br>अंचल अधिकारी<br>बालूमाथ | |

Scanned with CamScanner

# कार्यालय : अंचल अधिकारी, बालूमाथ।

## आदेश पत्रक

...क – ता० ———————— से ————————

...बालूमाथ जिला– लातेहार  वाद संख्या– 05 /21-22

...प्रकार ————————

| आदेश की क्र०सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश ... गई का... बारे में तारीख |
|---|---|---|
| 1 | 2 | |
| 8.8.22 | अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित। प्रथम पक्ष का कहना है उक्त विवादित भूमि पर हमारा कब्जा है तथा C.S खाता में ज्ञान टोप्पो मिंज है। द्वितीय पक्ष का कहना है की ऑनलाईन में रजिस्टर्ड हमारे पूर्वज के नाम से है ज्ञान टोप्पो मिंज है दखल कब्जा हमारा है। उभय पक्ष की बातों को गंभीरता से सुना। वाद में जाँच प्रतिवेदन की मांग की। अंचल कर्मी एवं अंचल निरीक्षक से जाँच प्रतिवेदन देने हेतु पत्र दें। अभिलेख दिनांक 8.9.22 को रखें।<br>8.8.22<br>अंचल अधिकारी<br>बालूमाथ | |
| 8.9.2022 | अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित अधोहस्ताक्षरी के अन्य सरकारी कार्य में व्यस्त रहने के कारण वाद की सुनवाई नहीं हो सकी अभिलेख दिनांक 10.10.2022 को उपस्थापित करें।<br>अंचल अधिकारी<br>बालूमाथ | |

Scanned with CamScanner

# कार्यालय : अंचल अधिकारी, बालूमाथ।

## आदेश पत्रक

आदेश पत्रक – ता० ———————————— से ———————————— तक

अंचल – बालूमाथ, जिला – लातेहार **विविध वाद सं०–05/2021–22**

केस का प्रकार– **सुधा कुमारी बनाम डहरू भगत वगैरह**

| आदेश की क्र०सं० और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कारवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 27.06.2023 | अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित। उपरोक्त वाद में आज आदेश की तिथि पूर्व से निर्धारित की गयी थी। उभय पक्ष को नोटिस तामिला करा दिया गया था।<br>प्रथम पक्षकार सुधा कुमारी पिता रामदेव भगत का कहना है कि मौजा सिरम के सी0एस0 खाता नं0-31 प्लॉट संख्या- 91/6, 91/7, 91/8, 5/13, 11/9, 5/14, 91/10 कुल रकबा 16.71 एकड़ हो0नं0 207 में आधे भूमि 8.35½ एकड़ में सुखदेव भगत वो रामदेव भगत पिता शनिया भगत के नाम से 2013-14 तक लगान रसीद निर्गत है। परन्तु हाल सर्वे खतियान में कलिया भगत पिता सुकरा भगत के नाम से प्रकाशित है। साक्ष्य के रूप में ऑफलाईन लगान रसीद उपलब्ध कराया गया। आर0एस0 खाता में यह भूमि एक गोतिया कलिया भगत के नाम से इन्द्राज हो जाने के कारण उनके पुत्रों के द्वारा हमलोगों को बेदखल किया जा रहा है। प्रथम पक्षकार के द्वारा सभी हाल सर्वे में अपने पूर्वज का नाम जोड़ने हेतु आग्रह किया है।<br>द्वितीय पक्षकार डहरू भगत वगैरह का कहना है कि सी0एस0 खाता 31 प्लॉट संख्या- 91/6, 91/7, 91/8, 5/13, 11/9, 5/14, 91/10 कुल रकबा 16.71 एकड़ का ऑफलाईन लगान रसीद वर्ष 2008-09 तक लगान रसीद निर्गत है। उक्त भूमि पर हमारे पूर्वज आरंभ से जोत-कोड़ करते आ रहे है। लातेहार जिला मे रिविजन सर्वे होने के पश्चात् उक्त जमीन का आर0एस0 खाता 12 प्लॉट 335, 336, 338, 339, 338/1473 कुल रकबा 11.76 एकड़ बना है। जो कलिया भगत पिता सुकरा भगत के नाम से इन्द्राज पाया गया। उक्त भूमि का ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत पाया गया। | |

Scanned with CamScanner

उभय पक्षकारों के द्वारा उपलब्ध कराये गये सभी साक्ष्य एवं सभी राजस्व दस्तावेज का अवलोकन करने के पश्चात् निम्नलिखित निष्कर्ष पाये जाते है:-

1- प्रथम पक्षकार का मौजा सिरम सी0एस0 खाता नं0-31 प्लॉट संख्या-91/6, 91/7, 91/8, 5/13, 11/9, 5/14, 91/10 कुल रकबा 8.35½ एकड़ का सुखदेव भगत वो रामदेव भगत पिता शनिया भगत के नाम से वर्ष 2013-2014 तक ऑफलाईन लगान रसीद निर्गत है। जो म्यूटेशन केस नं0-236/2011-12 के द्वारा निर्गत किया गया है ये जमाबंदी हो0नं0 207 पर कायम है।

2- प्रथम पक्षकार द्वारा उक्त रसीद के अलावा आपसी बंटवारा नामा प्रस्तुत किया है जो मुखिया के द्वारा सत्यापित है। इसका कोई वैधानिक साक्ष्य नही माना जा सकता है।

3- द्वितीय पक्षकार के द्वारा सी0एस0 खाता 31 प्लॉट संख्या- 91/6, 91/7, 91/8, 5/13, 11/9, 5/14, 91/10 कुल रकवा 16.71 एकड़ का ऑफलाईन लगान रसीद उपलब्ध कराया गया जो वर्ष 2008-09 तक निर्गत है।

4- द्वितीय पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि का खाता 12 प्लॉट 335, 336, 338, 339, 338/1473 कुल रकबा 11.76 एकड़ का अधिकार अभिलेख एवं ऑनलाईन लगान रसीद उपलब्ध कराया गया जो वर्ष 2022-23 तक निर्गत है।

5- उक्त भूमि के भौतिक निरीक्षण मे द्वितीय पक्षकार का जोत-कोड़ पाया गया।

6- लातेहार जिला मे रिविजन सर्वे लागू है यहां पर वर्ष 2005 मे सरकार के आदेशानुसार रिविजन सर्वे का प्रकाशन हो चुका है। सभी राजस्व कार्य यथा-भूमि निबंधन, दाखिल खारिज, आपसी बंटवारा इत्यादि रिविजन सर्वे के आधार पर निष्पादित किया जाता है जो वर्तमान मे मान्यता प्राप्त है।

Scanned with CamScanner

आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर

2

अत: उपर्युक्त तथ्यों देखते हुए सभी साक्ष्यों का गंभीरता पूर्वक अवलोकन करते हुए मै इस नतीजा पर पहुंचा हूँ कि मौजा सिरम सी0एस0 खाता 31 प्लॉट संख्या- 91/6, 91/7, 91/8, 5/13, 11/9, 5/14, 91/10 कुल रकबा 16.71 एकड़ (आर0एस0 खाता 12 प्लॉट 335, 336, 338, 339, 338/1473 कुल रकबा 11.76 एकड़) भूमि पर द्वितीय पक्षकार डहरू भगत वगैरह का हक हैकियत सिद्ध होता है। द्वितीय पक्षकार का उक्त भूमि पर अधिकार बनता है। प्रथम पक्षकार के पास ऑफलाईन लगान रसीद है परन्तु लातेहार जिला में हाल सर्वे लागू है इसलिए इसे मजबूत आधार नही माना जा सकता है। प्रथम पक्षकार को यदि ऐसा लगता है कि हाल सर्वे त्रुटिपूर्ण होने के कारण हाल सर्वे मे इनका नाम या इनके पूर्वज का नाम इन्द्राज नही हो पाया तो पुन: री-सर्वे मे अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। चूँकि प्रथम पक्षकार का आवेदन है कि आर0एस0 खतियान मे संशोधन करके इनके पूर्वज का नाम इन्द्राज किया जाय। ये अंचल अधिकारी की शक्ति एवं क्षेत्र अधिकार से बाहर की बात है। इसके लिए प्रक्षम पक्षकार सक्षम न्यायालय/सिविल कोर्ट मे अपील वाद दायर कर न्याय प्राप्त कर सकते है। मेरे आदेश से सभी पक्षकार एवं राजस्व कर्मी को अवगत करायें। असंतुष्ट पक्ष सक्षम न्यायालय मे अपील वाद दायर करने के लिए स्वतंत्र है।

Digitally signed by MD AFTAB ALAM
Date: 2023.09.21 16:58:48 +05:30
Location: 192.168.6.91

लेखापित एवं संशोधित

27.6.23

अंचल अधिकारी,

27.6.23

अंचल अधिकारी,

Scanned with CamScanner